राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

मानव सेवा में जुट जायें – राज्यपाल

जयपुर, 08 मई । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रेडक्रॉस संस्थाओं से जुडे लोगों का आव्हान किया है कि सभी एकजुट होकर मानव सेवा का कार्य करें। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि इस बार इस दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि कोरोना जैसी महामारी विश्वव्यापी हो गई है। रेडक्रॉस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य विपदा के समय होने वाली कठिनाइयों से लोगों को राहत दिलाना है।

श्री मिश्र ने कहा कि इस संस्था का मुख्य कार्य मानव सेवा है। यह संस्था पूरे विश्व में मानवता की सेवा की प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हम सभी प्रभु से प्रार्थना करें कि हमारा देश और प्रदेश कोरोना को मात देने के लिए सक्षम हो और खुशहाली आये।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल